# सरपंच से साजबाज किया पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा, प्रशासन सुस्त

निकिता माधोगडिया



रेवाडी। लोगों को अब सरकार का कोई डर नहीं रहा। लोग जब चाहें वहां मौजिज व सरकारी तंत्र से मिल कर अवैध कब्जे कर लेते हैं। जागरूक नागरिक जनहित में काफी शिकायते करते हैं मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं होती बल्कि दुश्मनी बन जाती है। ऐसा ही मामला रेवाडी जिले के खोल ब्लॉक स्थित गांव गांव पाडला का आया जहां कुछ जागरूक ग्रामीणों ने रेवाडी डीसी से मुलाकात कर बताया कि हमारे गांव पाडला में खसरा नंबर 128 ग्राम पंचायत देह में आंगनबाड़ी व स्कूल बना हुआ है। खसरा नंबर 128 के दक्षिण दिशा की तरफ कुछ हिस्सा बच्चों के खेलने के लिए खाली पड़ा हुआ है। उसके साथ ओमप्रकाश शर्मा के मकान बने हुए हैं। ओमप्रकाश ने पहले पूर्व सरपंच मलखान सिंह के कार्यकाल के दौरान खसरा नंबर 128 के उस खाली हिस्से पर पुख्ता दीवार बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था परंतु उस समय पूर्व सरपंच मलखान ने ग्राम पंचायत के लोगों ने एतराज पर उस अवैध दीवार को हटा दिया था और नई दीवार बना कर पंचायत ने उसे अपने कब्जे में ले लिया था। मगर जब दूसरे चुनाव तब श्रीमती रचना देवी सरपंच बनी। तब भी ओमप्रकाश ने दूसरे सरपंच श्रीमती रचना देवी के कार्यकाल में इस दीवार को फिर से तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया। उस दौरान गांव के लोगों ने सीएम विंडो पर शिकायत लगाई थी। शिकायत के आदेश पर उस दीवार को पंचायत ने ओमप्रकाश का कब्जा हटाकर अपनी दीवार फिर बनवा दी। इसके बाद भी उपरोक्त व्यक्ति बाज नहीं आया व तीसरे सरपंच के कार्यकाल का इंतजार करने लगा। जब तीसरा सरपंच बना तो इस शातिर ओम प्रकाश शर्मा ने तीसरी बार हाल सरपंच व पंचायत से साजबाज होकर खसरा नंबर 128 के उस खाली हिस्से को न केवल अपने मकानात में मिला लिया बल्कि उस पर पुख्ता लोहे का बड़ा गेट लगवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हम ग्राम वासियों ने इस कब्जे के बारे में एक शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खोल को दिसंबर 2023 में दी थी। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खोल ने हल्का गिरदावर राकेश कुमार को मौके पर भेज कर खसरा नंबर 128 में 588 का 36/2 की पैमाइश करने के बारे में कहा था तथा हल्का गिरदावर राकेश द्वारा उपरोक्त कब्जे वाली जमीन की पैमाइश के लिए 24 जून 2024 की तारीख निर्धारित की व ग्राम वासियों व पंचायत की मौजूदगी में होने के लिए एक लिखित नोटिस 19 जून 2024 को जारी किया था। जिस नोटिस पर वर्तमान सरपंच श्योनारायण व चौकीदार कैलाश व अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी हैं। उसके पश्चात 24 जून 2024 को हल्का गिरदावर, ग्राम सचिव नरेश शर्मा व पैमाइश करने वाली मशीन को लेकर मौके पर 9:00 बजे ग्राम पाडला में आए थे। मगर ग्राम पंचायत पाडला के सरपंच शिवनारायण व ग्राम पंचायत के सदस्य मौके नहीं पहुंचे। ग्राम सचिव व राकेश गिरदावर द्वारा व्यक्तिगत रूप से व संचार द्वारा सरपंच व सदस्यों से संपर्क किया परंतु सरपंच व पांच सदस्य जानबूझकर छुप गए और मौके पर 1:00 बजे तक नहीं पहुंचे, आखिरकार परेशान होकर हल्का गिरदावर व ग्राम सचिव अन्य ग्रामीण पैमाइश ना होने पर अपने अपने घर वापस चले गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाल सरपंच श्योनारायण पंचायत की जमीन खसरा नंबर 128 में 588 का 36/2 पर अपने आदमियों से अवैध कब्जा करवा रहा है और पैमाइश के द्वारा सच्चाई सामने आने पर सरपंच जानबूझकर छुप गया है। उन्होंने डीसी से कहा कि हाल सरपंच व पंचायत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त कब्जे वाली जमीन की पैमाइस करवाकर अवैध कब्जा हटाया जाए तथा सरपंच को दिशा निर्देश दिए जाएं कि वह पैमाइश के समय मौके पर हाजिर रहे और गैर हाजिर होने पर सरपंच को उसके पद से मुक्त किया जाए। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर लीलू सिंह, रणबीर सिंह, बिजेंद्र सिंह, मनोहर लाल, जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह व रण सिंह आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट कैलाश के सहयोग से झुग्गी झोपडी वालों को मिले प्लॉट



निकिता माधोगडिया

रेवाडी। कैलाश चंद एड्वोकेट ने बताया की उन्होंने जिला रेवाडी में वर्ष 2011 से झुग्गी झोपिड्यो में रहने वाले परिवारो के बच्चो के लिये निशुल्क शिक्षा का अभियान चलाया हुआ है, इन परिवारों के उत्थान हेतु अधिवक्ता ने सबके आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बैंक खाता और अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाये, और इनके रिहायश हेतु सरकार द्वारा निकाली गई बीपीएल प्लॉट की स्कीम में आवेदन करवाये, जो कि दिनांक 24 जून 2024 को सरकार ने ड्रा करके सभी आवेदकों के प्लाट अलॉट करने की लिस्ट जारी की। परन्तु सरकार ने लिस्ट को सार्वजनिक करने में आमजन को परेशान कर दिया क्योकि निकाली गई लिस्ट न तो नाम क्रम संख्या से थी न ही आवेदन संख्या क्रम संख्या में थी, लगभग 40 पन्नो की लिस्ट में आमजन अपना नाम तलास करते करते परेशान हो गए।

कैलाश ने बताया कि नगरपालिका रेवाडी में लगी लिस्ट पर अधिकारियों ने ये भी कहा कि प्लाट अलॉटमेंट कॉपी लेने के लिये सबको दिनाक 26 जून 2024 को रोहतक में जाना होगा, वहा पर मुख्यमंत्री खुद सबको अलॉटमेंट कॉपी देंगे, सभी लोग रोहतक में जाये, जो कि राजनीतिक स्टंट है और यह आमजन को परेशान करने का तरीका है। कैलाश चंद एड्वोकेट ने लगभग 60 परिवारो के आवेदन करवाये जो कि सबके आवेदन सफल हुए आज कैलाश चंद एड्वोकेट ने सभी आवेदकों के बीपीएल प्लाट के एलॉटमेंट लेटर का प्रिंट निकाल कर उनको सुपुर्द किये। अधिवक्ता ने इसके अलावा भी लगभग 150 परिवारो के प्लाट के अलॉटमेंट लेटर के प्रिंट निकाल कर दिए, अब इन्हें रोहतक जाने की जरुरत ही नहीं। उन्होंने कहा कि भी किसी को प्लाट के अलॉटमेंट का लेटर चाहिए तो कैलाश चंद एड्वोकेट से सम्पर्क करके निशूलक कॉपी ले सकते हैं। आज गरीब परिवारों ने कैलाश अपने प्रिय अधिवक्ता का आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में नशे का किया जाएगा नाश : ओपी सिंह

निकिता माधोगडिया



रेवाड़ी। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओ. पी. सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमति पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व और सतेन्द्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत धारूहेडा भगत सिंह चौक जिला रेवाड़ी व सम्बंधित स्थानों पर हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रेवाड़ी टीम ने नशे के प्रति जागरूक अभियान चलाया। ईंचार्ज निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि यूनिट की टीम द्वारा मंगलवार को धारूहेडा भगत सिंह चौक रेवाड़ी पर मजदूरों व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे मे अवगत करवाया गया। टीम में स.उ.नि. रोहतास कुमार की अगुवाई में स.उ.नि. सुनील, प्रमुख सिपाही अनिल, सिपाही मनदीप, सिपाही दीपक शामिल रहे। यूनिट के पीआरओ ने बताया कि जागरूक अभियान के दौरान आमजन से अपील भी की गई है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। आपकी दी हुई सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी एवं सूचना देने वाले का नाम किसी भी सुरत में उजागर नहीं किया जाएगा।

### व्यापारी के साथ मारपीट मामले में बजाजा बाजार रहा बंद

निकिता माधोगडिया

रेवाडी। गत 24 जून को बाजारों में पानी की सप्लाई करने वालों की दुकानदारों से हुई मारपीट व गल्ले से निकाली गई नकदी के आरोप के बाद थाना शहर द्वारा कम धाराओं के तहत मामला दर्ज करने का मामला तूल पकड गया है। इसी कडी में मंगलवार को बजाजा बाजार एसोसिएशन ने बाजार बंद रख रोष जताया व एसपी से मुलाकात की। पहले तो व्यापारियों को जिला सचिवालय के मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया, जिस पर व्यापारियों ने रोष जताया कि हम सब व्यापारी है कोई आतंकवादी नहीं। ततपश्चात एक सामान्य वर्दी धारी ने कहा कि 5 व्यक्ति मिल सकते हैं। कुछ लोग अंदर गए व एसपी को पूरे मामले से अवगत कराया। एसपी ने तुरंत थाना शहर प्रभारी को आदेश दिए व्यापारियों की समस्या सुनें व जो भी ओर धाराएं जुड सकती है उसे जोडें। एसपी के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने बाजार खोल दिया।

### बेवल में चोरों ने बाबा समाध वाले का दानपात्र तोड नकदी चोरी की

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव बेवल में बने बाबा समाध वाले कुल देवता का दानपात्र अज्ञात चोरों ने तोड दिया ओर उसमें रखी नकदी लेकर गायब हो गए। इस बारे में हनुमान सिंह ने दोंगडा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में कहा कि गांव में उनके कुल देवता का स्थान बनाया हुआ है जहां दान पात्र रखा हुआ था। जिसे अज्ञात चोर तोड कर उसमें रखी नकदी को चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है बीजेपी: चिरंजीव राव

निकिता माधोगडिया

रेवाड़ी। कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव का कहना है कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानिसकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 27.5.2013 को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की क्रीमी लेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से ये लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कही जा रही है। जबकि इसको लेकर अभी तक कोई सरकारी दस्तावेज सामने नहीं आया है। इसके बारे में सीएमओ की तरफ से की गई सोशल मीडिया पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया है। चिरंजीवी राव ने कहा वह स्वयं विधानसभा में भी क्रीमी लेयर को 8 लाख करने की मांग कर चुके थे लेकिन तब सरकार के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही थी

चिरंजीव राव ने कहा कि प्रदेश की नौकरियों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन बीजेपी जानबूझकर इन पदों को नहीं भर रही। क्योंकि पक्की भिर्तयां होंगी तो एससी और ओबीसी को आरक्षण देना पड़ेगा। लेकिन बीजेपी ऐसा नहीं चाहती। इसलिए पिछड़ा वर्ग के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं और एक बड़ा बैकलॉग प्रदेश की नौकरियों में इकट्ठा हो गया है। इसके विपरीत कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों को आरक्षण का उचित लाभ देने के लिए कई कदम उठाए गए। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी की अलग-अलग कैटेगरी बनाकर उनको आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया था। ग्रुप-ए को 10 प्रतिशतऔर ग्रुप-बी को 5प्रतिशत आरक्षण दिया था, जबकि उससे पहले कुल मिलाकर ओबीसी आरक्षण सिर्फ 10 प्रतिशत था।

चिरंजीव राव ने कहा कि बीजेपी कभी भी दलित और पिछड़ा समाज की भलाई के बारे में नहीं सोच सकती। सभी को इस सरकार की नीयत और विचारधारा का पता चल चुका है। इसीलिए दलित-पिछड़ा वर्ग ने मिलकर लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सबक सिखाया। उसी का बदला लेने के लिए बीजेपी प्रदेश से सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षा तंत्र को खत्म कर रही है, ताकि वंचित वर्गों को शिक्षा, आरक्षण व नौकरी से वंचित रखा जा सके।

## दूध के प्लांट में नौकरी के नाम पर महिला से दुष्कर्म कर बनाई अश्लील विडियो

समाचार गेट/सुनील दीक्षित




कनीना: महिला से दुष्कर्म करने,जाति सूचक गालियां देने तथा धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 4 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में भिवानी वासी एवं हाल आबाद सिटी थाना कनीना क्षेत्र की पीडित महिला ने कनीना थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि सोमदत्त वासी कोटिया ने कनीना कोसली रोड रोड पर दूध का प्लांट लगाया हुआ है। जिसने नौकरी लगाने के नाम पर उसे एक वर्ष पूर्व वहां बुलाया और दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने अश्लील वीडियो भी बनाई। पीडिता ने सामाजिक भय के चलते ये बातें किसी से नहीं बताई। सोमदत्त बार-बार फोन कर उसे होटल में चलने का दबाव बना रहा था। उसने कमरे पर आकर एकबार जबरन दुष्कर्म किया। विडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल करता रहा। बीती 5 जून को आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर जाति सूचक गालियां देते हुए धमकी दी। इस बात की जानकारी महिला ने अपने 14 वर्षीय पुत्र तथा परिचित राजीव उर्फ कालु को दी। वे तीनों दूध के प्लांट पर सोमदत्त को समझाने गए थे तो आपस में कहासुनी हो गई। जिसके चलते सोमदत्त ने पंकज व कामगार मनोज कुमार,राजू को आवाज देकर बुला लिया ओर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

जिससे वह घायल हो गई। जिसे उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। पुलिस ने पीडित महिला की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोपी सोमदत्त,मारपीट के आरोपी पंकज, मनोज व राजू के खिलाफ भादस: की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना ईंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने कहा कि आरोपियों को जल्द की गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## अटेली हलके से विस चुनाव लडने के लिए सुनील राव ने ठोकी ताल

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



कनीना: निकट भविष्य में होने वाले हरियाणा विधान सभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं वहीं संभावित प्रत्याशी भी फिल्ड में निकल पडे हैं। इसी कडी में कोसली हलके में पिछले 15 वर्ष से फिल्ड में कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सुनील राव ने अटेली हलके से चुनाव लडने के लिए ताल ठोक दी है। मंगलवार को कनीना में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में अपनी दावेदारी जताते हुए कहा कि 2014 से वह भाजपा में रहकर पार्टी के अनुशासित सिपाही की भांति कार्य कर रहा है। वह पार्टी का जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा कार्यकारिणी तथा कला संस्कृति प्रकोष्ठ में कार्य कर रहा है। सामाजिक क्षेत्र में उनकी ओर से कार्य किया जा रहा है। वह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा गठित इंसाफ मंच का संस्थापक सदस्य रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी उन्हें टिकट देने पर विचार करती है तो वे अटेली हलके से चुनाव लडेगें। उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उनकी ओर से शिक्षा,स्वास्थ्य एवं रोजगार को लेकर कार्य किया जायेगा। बेराजगार युवकों को रोजगार देने का मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने अटेली हलके के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा हलके से बाहरी लोगों को टिकट न देने की बात पर कहा कि ऐसा कहने वाले लोगों का कोई व्यक्तिगत स्वार्थ होगा। जबकि इससे पूर्व भी यहां पर अनिता यादव,संतोष यादव, नरेंद्र यादव सरीखे नेताओं द्वारा चुनाव लडा गया है। लोकतंत्र में चुनाव लडना सबका अधिकार है। बाहर-भीतर का नारा देने वाले व्यक्ति भी अटेली सहित कहीं से चुनाव लड सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इस संदर्भ में जारी की गई योजना को विस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम किया जायेगा। उनकी ओर से अटेली हलके के गावों में जोरशोर से जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर राव योगेश आर्य, सचिन यादव, आत्माराम, कर्मबीर सिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेना में भर्ती जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निकिता माधोगडिया



रेवाडी। चिकित्सा भर्ती अधिकारी मेजर अिश्वनी कुमार और सूबेदार मेजर धर्मराज सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी ने 8 हरियाणा एन.सी.सी. बटालियन के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर कैम्प शिरकत करते हुए कैडेट्स को जागरूकता सह प्रेरक व्याख्यान दिया। इसमें सशस्त्र बलों और अिग्नपथ योजना में अवसरों के बारे में बताया गया। प्रेरक वीडियो की स्क्रीनिंग भी छात्रों के लिए की गई और बारे विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए सशस्त्र बलों में अधिकारी और सैन्य निर्संग सेवा के रूप में चयन के बारे में भी बताया गया। मेजर अिश्वनी कुमार ने कहा कि भारतीय सेना में शामिल होने के लिए आईटीआई पाठ्यक्रम के लाभ के बारे में बल दिया। उन्होंने कहा कि साल 2022 से अिग्नपथ योजना में आईटीआई के छात्रों को बोनस अंक भी दिए जा रहे हैं जो 10 प्लस आईटीआई में दो साल का कोर्स के लिए 20, 10 प्लस 2/3 वर्ष का डिप्लोमा के लिए 30, 12 प्लस आईटीआई में एक साल का कोर्स के लिए 30, 12 प्लस आईटीआई में दो साल का कोर्स के लिए 40 और 12 प्लस डिप्लोमा धारक के लिए 50 अंक है। नए भर्ती नियमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 2024-25 भर्ती प्रक्रिया 4 नवंबर से 14 नवंबर तक भीम स्टेडियम, भिवानी में की जाएगी। ऑनलाइन कंप्यूटर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को दौड़ और चिकित्सा जांच की जाएगी। इच्छुक युवा अगली भर्ती के लिए डब्लूडब्ल्यूडॉटज्वाइनआर्मीडॉटएनआईसीडॉटइन वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे।

नए भर्ती नियमो के अनुसार अब एनसीसी सी सिर्टिफ्केट वालों को भी परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा और उन्हें 20 नंबर का बोनस दिया जाएगा। कर्नल वीएम सिंह, कैंप कमांडेंट , कर्नल सोमवीर डबास डिप्टी कैंप कमांडेंट और सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह, 8 हरियाणा एन.सी.सी. बटालियन,रेवाड़ी ने कार्यक्रम का बेहतरीन ढंग से संचालन किया। व्याख्यान के अंत में छात्रों ने प्रश्न और शंकाए पूछे जिनका जवाब दिया गया।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिएएनसीसी-ए सिर्टिफ्केट 05 नंबर, एनसीसी-बी सिर्टिफ्केट 10 नंबर,एनसीसी-सी सिर्टिफ्केट 20 नंबर, गणतंत्र दिवस परेड उपस्थिति 25 नंबर विशेष रूप से दिए जाएंगे।



# शिवकार्तिकेयन की एसके23 के शीर्षक से उठा पर्दा!

एआर मुरुगादॉस इन दिनों शिवकार्तिकेयन के साथ मिलकर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक एसके 23 है। फिल्म की कहानी खुद एआर मुरुगादॉस ने लिखी है और वे इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही प्रशंसकों को इससे जुड़ी जानकारियों का इंतजार रहता है। फिल्म अस्थाई शीर्षक के साथ शूट किया गया था। वहीं, अब फिल्म को लेकर नई दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि अब निर्माताओं ने फिल्म का आधिकारिक शीर्षक तय कर लिया है।

## फिल्म का शीर्षक

शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस अपनी पहली फिल्म के लिए साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और अभी इसका निर्माण चल रहा है। अब, नई रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक सिंगा नादाई होगा। हालांकि, निर्माताओं द्वारा इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## खलनायक बनेंगे विद्युत

इस फिल्म को एक्शन थ्रिलर बताया जा रहा है, जिसमें रुक्मिणी वसंत मुख्य भूमिका में हैं। यह कन्नड़ अभिनेता की तमिल फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म होगी। निर्माता कलाकारों के बारे में नई घोषणाओं के साथ प्रशंसकों को अपडेट कर रहे हैं। अब तक विद्युत जामवाल इस फिल्म में खलनायक के रूप में नजर आएंगे। इससे पहले विद्युत थुप्पाकी में मुरुगादॉस के साथ काम कर चुके हैं।

## रिलीज की तारीख से पर्दा उठना बाकी

शिवकार्तिकेयन, रुक्मिणी और विद्युत के अलावा फिल्म में विक्रांत, शबीर कल्लारक्कल और अन्य कलाकार भी होंगे। एसके 23 में अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत होगा। फिल्म के बड़े पैमाने पर मनोरंजन करने की उम्मीद है। शिवकार्तिकेयन ने पहले खुलासा किया था कि यह फिल्म उन्हें प्रदर्शन करने के ज्यादा मौके देगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी में शुरू हुई थी। एसके 23 की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। एसके 23 को सिनेमैटोग्राफर सुदीप एलमोन ने शूट किया है और श्रीकर प्रसाद संपादक हैं।



# सारा ने भाई इब्राहिम से मांगी माफी, बताया खुद से ज्यादा समझदार

सारा अली खान और इब्राहिम अली खान बॉलीवुड की सबसे चर्चित भाई-बहनों की जोड़ियों में से एक हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे को छेड़ते और प्यार जताते नजर आते हैं। हाल में ही सारा ने कहा है कि उनके भाई इब्राहिम उनसे ज्यादा परिपक्व और समझदार हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह स्वीकार किया वह अपने भाई के प्रति थोड़ा ज्यादा ही मां वाला भाव रखती हैं, जो इब्राहिम के समझदारी को देख उन्हें कभी-कभी बुरा भी लगता है।

## इब्राहिम की बहन कम, मां ज्यादा बनी रहती थीं सारा

एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा इब्राहिम उनसे अधिक सुलझे हुए और परिपक्व हैं। उनका कहना है कि बिना पिता के अकेली मां के साथ रहने के कारण दोनों के बीच रिश्ता बहुत ज्यादा भाई-बहन जैसा नहीं था। वह इब्राहिम की मां बनने की कोशिश ज्यादा करती रहती थीं। उन्होंने इसे लेकर मजाकिया अंदाज में कहा कि इस तरह से देखा जाए, तो इब्राहिम दो मां के साथ बड़ा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपने भाई की बहुत अधिक मां बनने की कोशिश करने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

सारा ने इब्राहिम को ज्यादा समझदार बताते हुए स्वीकार किया कि जितना इब्राहिम उनसे सलाह लेते थे, उससे कहीं अधिक बार वह उनसे सलाह लेती थीं। इस दौरान अपने भाई की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, वह एक ठोस और कहीं अधिक सुलझा हुआ और परिपक्व इंसान है। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी कि पढ़ाई में वह अपने भाई से कहीं अधिक प्रतिभाशाली हैं।

## अनुराग बसु की फिल्म में आएंगी नजर

बात करें सारा के वर्कफ्रंट की तो वह आखिरी बार ऐ वतन मेरे वतन में नजर आई थीं। फिल्म को दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा उन्हें भी फिल्म के लिए समीक्षकों और फैंस से प्रशंसा मिली थी। इसके बाद वह अनुराग बसु की मेट्रो...इन डिनो में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में उनके अलावा अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, फातिमा सना शेख, अली फजल और कोंकणा सेन शर्मा जैसे कलाकार भी काम कर रहे हैं।



# एटली के साथ धमाल मचाने को तैयार सलमान -रणवीर

सुपरस्टार सलमान खान और प्रशंसित निर्देशक एटली कुमार के बीच संभावित सहयोग को लेकर बॉलीवुड और साउथ सिनेमा दोनों क्षेत्रों में अफवाहें फैल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन के साथ वित्तीय विवादों के कारण एक प्रोजेक्ट से हटने के बाद एटली ने सलमान खान को एक नई स्क्रिप्ट देने का फैसला किया। इसके अतिरिक्त, यह बताया गया है कि मेर्सल और बिगिल जैसी साउथ ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए प्रसिद्ध एटली, सलमान खान की मुख्य भूमिका के साथ एक पैन इंडिया फिल्म बना रहे हैं। इतना ही नहीं इस प्रोजेक्ट से रणवीर सिंह का भी नाम जुड़ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

## पर्दे पर साथ आएंगे सलमान-रणवीर!

जाहिर तौर पर एटली, सलमान खान और रणवीर सिंह को लेकर दो-हीरो वाले एक्शन फिल्म की योजना बना रहे हैं। कथित तौर पर रणवीर सिंह भी एटली कुमार के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं। यह कदम दोनों अभिनेताओं और एटली के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। खैर, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है क्योंकि चर्चा फिलहाल शुरुआती चरण में है।

## फिल्म में होगा हाई ऑक्टेन एक्शन!

एटली के निर्देशन में सलमान खान और रणवीर सिंह के स्क्रीन साझा करने की संभावना ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों के साथ मनोरंजक कहानियों को सहजता से मिश्रित करने के लिए जाने जाने वाले एटली कुमार, बॉलीवुड के दो सबसे बड़े सितारों के साथ एक फिल्म का निर्देशन करके हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना कद ऊंचा करने के लिए तैयार हैं।

# बॉडी शेमिंग पर भड़कीं स्वरा भास्कर

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर बॉडी शेमिंग किए जाने पर भड़क गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्वरा की पुरानी और नई तस्वीर शेयर करके उनका लुक कंपेरिजन किया था। इतना ही नहीं यूजर ने स्वरा के बढ़े वजन का मजाक उड़ाते हुए कहा था, ये खाती क्या है? स्वरा ने ट्रोलर की इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, मैं मां बनी हूं, कुछ अच्छा कीजिए नलिनी। स्वरा इससे पहले भी सोशल मीडिया यूजर नलिनी की क्लास लगा चुकी हैं जो कि पेशे से खुद को फूड ब्लॉगर बताती हैं। कुछ दिनों पहले नलिनी ने अपने खाने की प्लेट का फोटो शेयर किया था जिसमें पनीर और फ्राइड राइस रखा था। नलिनी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा था, मुझे वेजिटेरियन होने पर गर्व है। मेरी प्लेट आंसुओं, क्रूरता और पाप से मुक्त है। स्वरा ने इस पोस्ट को रीशेयर करते हुए लिखा- सच कहूं तो। मुझे वेजिटेरियन लोगों की एक बात समझ नहीं आती। आप लोगों की सारी डाइट गायों को जबरन गर्भवती कराकर, फिर उन्हें उनके बच्चों से अलग करने और उनका दूध चुराने से बनती है। इसके अलावा आप जड़ वाली सब्जियां खाते हैं, जिससे पूरा पौधा ही खत्म हो जाता है। रिलैक्स करिए, बहुत ज्यादा सवाल-जवाब करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि बकरीद है। उनके इस कमेंट पर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया था।

## बेबाकी के चलते नहीं मिल रहा काम

स्वरा पिछले दिनों इंडस्ट्री में साइडलाइन किए जाने वाले बयान की वजह से भी सुर्खियों में थीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि विवादित मुद्दों पर अपनी राय रखने और बेबाकी की वजह से उन्हें फिल्मों में काम नहीं मिल रहा है। उन्हें फिल्ममेकर्स और इंडस्ट्री के लोग साइडलाइन करते हैं। फिल्ममेकर्स उनके खिलाफ गलत बातें बोलते हैं और उन्हें विवादित एक्ट्रेस का टैग देकर काम नहीं देते हैं।



# रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत

एक्टर-फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने शनिवार को एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है। मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नही है। मोशन पोस्टर के साथ जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम हैंडल पर कैप्शन लिखा था आपकी दवा (मेडिसिन) वास्तव में किस चीज से बनी है? पिल विशेष रूप से 12 जुलाई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग। यह शो 21 जुलाई को प्रसारित होगा। रितेश हॉरर कॉमेडी फिल्म काकुड़ा में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा और साकिब सलीम भी होंगे। काकुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापग्रस्त रतोडी गांव पर आधारित है। फिल्म में जिले के हर घर में दो दरवाजे हैं, जो एक सामान्य आकार का और दूसरा छोटा है। कहानी एक अजीबोगरीब रस्म के इर्द-गिर्द घूमती है, इसके तहत हर मंगलवार शाम 7.15 बजे हर घर का छोटा दरवाजा खोलना जरूरी होता है। अगर कोई इसका पालन नहीं करता है, तो उसे काकुड़ा का गुस्सा झेलना पड़ता है, जो घर के मुखिया को सजा देता है। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।





# कोटा फैक्ट्री के दौरान ताजा हुई आईआईटी कोचिंग की यादें

**ब्लैक एंड व्हाइट सीरीज कोटा फैक्ट्री सीजन 3 नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। सीरीज में लोगों को जीतू भैया का किरदार काफी पसंद आया है। जिस तरह जीतू भैया अपने स्टूडेंट्स से कनेक्ट करते हैं, उन्हें देख हर कोई चाहता है कि उनकी जिंदगी में भी एक जीतू भैया हो। सीरीज में जीतू भैया का किरदार जितेंद्र कुमार ने निभाया है।**

एक्टर जितेंद्र आईआईटी खड़गपुर के छात्र रह चुके हैं। उन पलों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उनकी मां उनसे मिलने आती थीं, जब वह राजस्थान के कोटा में पढ़ाई कर रहे थे और बीमार पड़ जाते थे। कोटा फैक्ट्री की कहानी कोटा में छात्रों के जीवन और ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) को क्रैक कर आईआईटी में प्रवेश पाने के उनके प्रयासों की है।

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए जितेंद्र ने बताया, जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो उसमें मुझे एक चीज जो तुरंत पसंद आई वह थी जब वैभव (मयूर मोरे) बीमार हो जाता है, और उसकी मां उससे मिलने आती है। मां और बच्चे के बीच एक अलग ही बॉन्डिंग होती है। टीचर भी कहते हैं कि अपनी मां से ज्यादा गपशप मत करो। उनके साथ ज्यादा समय मत बिताओ। जितेंद्र ने कहा, असल में, ये चीजें मेरे साथ हो चुकी हैं, और तब मैं सोचता था कि यह मेरे साथ सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि मैं एक छात्र हूं। लेकिन ऐसा हर छात्र करता है और कोटा के पानी में या मेस के खाने में कुछ ऐसा है कि छात्र किसी न किसी तरह बीमार पड़ जाते हैं। उन्हें केवल एक ही तरीके से बचाया जा सकता है और वह है उनकी मां। फिर हर कोई अपनी मां को बुलाता है, और उनके साथ दो महीने बिताता है। एक्टर ने कहा, मैं सोचता था कि मैं अकेला ऐसा लड़का था जो इस हालात का सामना कर रहा था, बीमार था और अपनी मां को बुला रहा था और मैं पूरी रात अपनी मां के साथ गपशप कर रहा था। मुझे लगा कि मैंने ही ऐसा किया है, लेकिन जब मैंने राइटर से पूछा तो उन्होंने कहा, नहीं, नहीं ऐसा सबके साथ होता है। तो वह स्क्रिप्ट का सबसे जादुई पल था।

**अपने पास हिट प्रोजेक्ट्स के चलते जितेंद्र ओटीटी स्टार बन गए हैं। वह कैसा महसूस करते हैं?**

इस सवाल पर जितेंद्र ने जवाब दिया, मुझे अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि ओटीटी ने कहानीकारों को बहुत कुछ दिया है, एक्सप्लोर और एक्सपेरिमेंट करने के लिए बहुत कुछ दिया है। और मैं भी उन्हीं में आता हूं। मैं कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट कर रहा हूं। मुझे बताया गया है कि स्टोरीज सीमित हैं और अलग-अलग फिल्म निर्माता उन्हें अलग-अलग मॉड्यूल में बना रहे हैं और उन्हें यूनिक तरीके से पेश कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि मैं वह सब कुछ कर पा रहा हूं।

# म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे आफताब शिवदासानी



बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदासानी म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे। इसकी घोषणा प्रैक्टिकल प्रोडक्शंस के निर्माता आसिफ शेख ने की। निर्माता आसिफ ने कहा, यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट है- म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर... जब आफताब ने कहानी सुनी, तो वह इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। ऑडियंस सिल्वर स्क्रीन पर आफताब शिवदासानी को एक बहुत ही अलग किरदार में देखेगी। उन्होंने कहा, यह एक लेखक द्वारा समर्थित किरदार है, और हम आफताब के साथ फीमेल लीड और एक अन्य मेल लीड को फाइनल कर रहे हैं। इन किरदारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिल्म कसूर को ग्लेन बैरेटो डायरेक्ट करेंगे। वहीं कहानी मुदस्सर अजीज ने लिखी है।